KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

1. शुद्ध बोऐ गए क्षेत्र (Net shown area) से आपका क्या तात्पर्य है? कृषि-निवेश संवर्धन नीति में बिहार सरकार की भूमिका पर चर्चा करें और यह नीति किसानों की आय को दोगुना करने में कैसे सहायक है?
2. क्या जैविक और सतत कृषि बिहार सरकार की प्राथमिकता है? यदि हाँ, तो राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर चर्चा करें।

# BPSC - Mentorship — Polity MCQ - 27

**1.** निम्न में से किस प्रस्ताव के द्वारा विधानसभा मंत्रिपरिषद को हटा सकती है।
1. स्थगन प्रस्ताव
2. निन्दा प्रस्ताव
3. अविश्वास प्रस्ताव

सही कूट का चयन करें।
(A) 1 और 3
(B) 1 और 3
(C) 2 और 3
(D) 1, 2 और 3

**2.** मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से किसके प्रति उत्तरदायी होते है।
(A) विधानसभा
(B) विधानपरिषद
(C) विधानमंडल
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** संकटकालीन स्थिति के समय केन्द्रीय संसद राज्य का विधानसभा के कार्यकाल को एक बार में कितने वर्ष के लिए बढ़ा सकता है।
(A) 6 माह
(B) 12 माह
(C) 18 माह
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** विधानसभा का सत्र एक वर्ष में कम-से कम कितनी होनी चाहिए।
(A) 1 सत्र
(B) 2 सत्र
(C) 3 सत्र
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** विधान परिषद का सदस्य होने के लिए कम-से कम कितनी वर्ष होनी चाहिए।
(A) 25 वर्ष
(B) 30 वर्ष
(C) 35 वर्ष
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** विधान परिषद के संगठन संबंधित सही कथन का चयन करें-
(A) इसके एक-तिहाई सदस्यों का निर्वाचन राज्य की स्थानीय संस्थाओं के सदस्यों द्वारा है।
(B) कुल सदस्यों के 1/3 सदस्य राज्य की विधान के सदस्यों द्वारा
(C) राज्य विधान परिषद में कम से कम 40 सदस्य होने चाहिए
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** संविधान के अनुसार विधानसभा की गणपूर्ति संख्या कुल सदस्यों का कितना भाग होता है।
(A) 1/3 भाग
(B) 1/6 भाग
(C) 1/10 भाग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** संविधान के अनुसार राज्य की विधान सभा के सदस्यों की अधिकतम तथा न्यूनतम संख्या होनी चाहिए।
(A) 400 और 40
(B) 400 और 60
(C) 500 और 60
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** 73वें संविधान संशोधन द्वारा भाग-9 के तहत कुल कितने नये अनुच्छेद जोड़कर पंचायत सम्बन्धी प्रावधान किया गया है।
(A) 15
(B) 16
(C) 17
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** पंचायतों का कार्यकाल होता है।
(A) शपथ ग्रहण की तिथि से 5 वर्ष
(B) प्रथम अधिवेशन की तिथि से 5 वर्ष
(C) चुनाव जितने की तिथि से 5 वर्ष
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** सर्वप्रथम अगस्त 1958 में प्रायोगिक तौर पर पंचायती राज व्यवस्था किस राज्य में लागू की गई थी?
(A) राजस्थान
(B) मध्य प्रदेश
(C) आंध्र प्रदेश
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** निम्न में से किस समिति ने सर्वप्रथम पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक स्थिति प्रदान करने की सिफारिश किया था?
(A) एल. एम सिंघवी समिति-1986
(B) पी. एम सिंघवी समिति-1985
(C) पी. के. थुंगन समिति-1988
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** राज्य वित्त आयोग किस प्रकार की संस्था है।
(A) विधिक संस्था
(B) असांविधिक संस्था
(C) संवैधानिक संस्था
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** किसी राज्य विधानसभा की बैठक को स्थगित और निलम्बित कौन करता है।
(A) राज्यपाल
(B) विधानसभा अध्यक्ष
(C) मुख्यमंत्री
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** राज्य विधानमंडल को किन-किन सूचियों में वर्णित विषयों पर कानून बनाने का अधिकार है।
(A) राज्य सूची (B) समवर्ती सूची
(C) संघ सूची
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** एक अधिवेशन की अन्तिम बैठक तथा दूसरे अधिवेशन की प्रथम बैठक के बीच कितने दिन से अधिक का समय अन्तराल नहीं होना चाहिए।
(A) 6 सप्ताह (B) 30 दिन
(C) 6 माह
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** विधानसभा सदस्यों की निरर्हताओं से सम्बन्धित प्रश्नों पर अन्तिम विनिश्चय कौन करता है।
(A) राज्यपाल (B) उच्च न्यायालय
(C) सभापति
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** वर्त्तमान में कुल कितने राज्यों में विधानपरिषद है-
(A) 4 (B) 5
(C) 6
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** संविधान के किस अनुच्छेद में विधानपरिषद के सृजन और समापन हेतु प्रक्रिया का प्रावधान किया गया है?
(A) अनु० 169 में (B) अनु० 188 में
(C) अनु० 192 में
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** 84वें संवैधानिक संशोधन 2001 के अनुसार राज्य विधानसभा की सदस्य संख्या किस वर्ष तक यथावत रहेगी।
(A) 2024 ई० तक (B) 2025 ई० तक
(C) 2026 ई० तक
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** विधान परिषद की स्थापना और उन्मूलन का अधिकार किसके पास होता है।
(A) संसद (B) राज्यपाल
(C) सर्वोच्च न्यायालय
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** 91वें संविधान संशोधन के तहत किसी राज्य मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की कुल संख्या कितनी हो सकती है?
(A) विधानमंडल की कुल सदस्य संख्या का 15 प्रतिशत
(B) मुख्यमंत्री सहित विधानसभा की कुल सदस्य संख्या का 15 प्रतिशत
(C) मुख्यमंत्री रहित विधानसभा की कुल सदस्य संख्या का 15 प्रतिशत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** निम्न में से किस प्रकार के विधेयकों को राज्यपाल, राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित करने के लिए बाध्य है?
(A) राज्यपाल की शक्तियों में कमी करने वाली विधेयकों को।
(B) समवर्ती सूची की शक्तियों में कमी करने वाली विधेयकों को।
(C) उच्च न्यायालय की शक्तियों में कमी करने वाली विधेयकों को।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** किसी राज्य के विश्व विद्यालयों का कुलाधिपति कौन होता है।
(A) राज्य का राज्यपाल (B) मुख्यमंत्री
(C) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** किसने कहा था कि, ''राज्यपाल सोने के पिंजरे में निवास करने वाली चिड़िया के समतुल्य है।
(A) जवाहर लाल नहेरू (B) बी. आर. अम्बेडकर
(C) सरोजनी नायडू
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **01. (D)** | **02. (A)** | **03. (B)** | **04. (B)** | **05. (B)** |
| **06. (D)** | **07. (C)** | **08. (C)** | **09. (B)** | **10. (B)** |
| **11. (C)** | **12. (A)** | **13. (C)** | **14. (B)** | **15. (D)** |
| **16. (C)** | **17. (A)** | **18. (C)** | **19. (A)** | **20. (C)** |
| **21. (A)** | **22. (B)** | **23. (C)** | **24. (A)** | **25. (C)** |

## BPSC Mentorship
## Economics - MCQ (27)

**ECONOMIC SURVEY 2022-23**

**1.** आर्थिक समीक्षा के अनुसार अप्रैल से सितंबर 2022 तक भारत में FDI (टॉप-3) निवेश करने वाले देश कौन है ?
(A) सिंगापुर > मॉरीशस > यूएई
(B) मॉरीशस > सिंगापुर > यूएई
(C) सिंगापुर > मॉरीशस > यूएसए
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** वित्तीय वर्ष 2022-23 में सबसे ज्यादा FDI किस क्षेत्र में आया ?
(A) कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर
(B) सेवा क्षेत्र
(C) व्यापार
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** आर्थिक समीक्षा के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में कितना प्रतिशत GDP में वृद्धि का अनुमान लगाया गया है ?
(A) 6.7%
(B) 6.4%
(C) 7.0%
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** अप्रैल से दिसंबर 2022 के दौरान व्यापार निर्यात कितना बिलियन डॉलर रहा ?
(A) 332.8 B$
(B) 422.5 B$
(C) 551.7 B$
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** अप्रैल से दिसंबर 2022 के दौरान व्यापार आयात कितना बिलियन डॉलर रहा ?
(A) 332.8 B$
(B) 422.5 B$
(C) 551.7 B$
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** आर्थिक समीक्षा के अनुसार जैविक खेती अपनाने वाला दुनिया का पहला राज्य कौन-सा है ?
(A) न्यूयॉर्क
(B) त्रिपुरा
(C) सिक्किम
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** संयुक्त राष्ट्र बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार 2005-06 और 2019-21 के बीच भारत के कितने लोग गरीबी से बाहर आए हैं?
(A) 35 करोड़ (B) 37 करोड़
(C) 41 करोड़
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** आर्थिक समीक्षा 2022-23 में वर्णित वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट किसके द्वारा जारी किया गया है ?
(A) IMF (B) विश्व बैंक
(C) RBI
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** आर्थिक समीक्षा में विभिन्न देशों का नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य वर्णित है जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन का लक्ष्य वर्ष क्या है ?
(A) 2070 (B) 2060
(C) 2050
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** आर्थिक समीक्षा में उल्लेखीत LiFE का पूर्ण रूप क्या है ?
(A) Lifestyle for Ecosystem (पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जीवन शैली)
(B) Lifestyle for Education (शिक्षा के लिए जीवन शैली)
(C) Lifestyle for Environment (पर्यावरण के लिए जीवन शैली)
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** आर्थिक समीक्षा के अनुसार RBI ने पूरे वर्ष पोलिशी रिपो दर में कितने आधार अंकों की वृद्धि की ?
(A) 125 (B) 225
(C) 325
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** वित्त वर्ष 2022-23 के लिए मूलभूत कीमतों पर सकल मूल्य वृद्धि पर विचार करें-

| | **क्षेत्र** | | **वृद्धि दर** |
|---|---|---|---|
| 1. | कृषि | - | 3.5% |
| 2. | उद्योग | - | 4.1% |
| 3. | सेवा | - | 8.1% |

उपर्युक्त में से कौन सही है ?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) केवल 1 और 2 (D) 1, 2 और 3

**13.** आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार निम्न कथनों पर विचार करें ?

1. भारत का ई-कॉमर्स बाजार 2025 तक 18% बढ़ने की संभावना है।
2. भारत विश्व का पांचवां सबसे बड़ा सेवा निर्यातक है।

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 (D) इनमें से कोई नहीं

**14.** आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से भारत किस वर्ष तक ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा ?

(A) 2070
(B) 2047
(C) 2030
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** आर्थिक समीक्षा में उल्लेखित शब्द JAM का पूर्ण रूप क्या है ?

(A) Jan Dhan-Aadhaar-Mobile
(B) Jan Dhan-Account-Mobile
(C) Jan Dhan-Account-Message
(D) Janta-Adhaar-Mobile

**16.** आर्थिक समीक्षा में वर्णित मुद्रास्फिति दर पर विचार करें।

1. अप्रैल से दिसंबर 2022 के दौरान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फिति 6.4% अनुमानित है।
2. अप्रैल से दिसंबर 2022 के दौरान थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फिति 11.5% अनुमानित है।

उपर्युक्त में से कौन सा कथन सही है -

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 (D) इनमें से कोई नहीं

**17.** नवंबर 2022 तक भारत में कुल टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या कितनी थी ?

(A) 117 करोड़
(B) 115 करोड़
(C) 113 करोड़.
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** वित्त वर्ष 2022-23 में औद्योगिक क्षेत्र का सकल मूलवर्धन (GVA) कितना प्रतिशत बढ़ा ?

(A) 3.0%
(B) 3.5%
(C) 3.7%
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** वित्त वर्ष 2022-23 में स्वास्थ्य क्षेत्र पर बजट का खर्च जीडीपी का कितना प्रतिशत रहा ?

(A) 2.1%
(B) 2.6%
(C) 2.5%
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** आर्थिक समीक्षा के अनुसार फार्मा उद्योग में FDI प्रवाह 2019 की तुलना में 2022 में कितना गुना बढ़ा ?

(A) दो गुना (B) तीन गुना
(C) चार गुना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** मेक-इन-इंडिया 2.0 में कुल 27 क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है साथ-साथ इसके कितने उप-क्षेत्रों के विकास को भी बढ़ावा दिया जाएगा ?

(A) 15 (B) 12
(C) 24
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** आर्थिक समीक्षा के अनुसार जुलाई 2021 में कौन-सा नया मंत्रालय 'सहकार - से- समृद्धि' विजन को साकार करने के लिए लाई गई ?

(A) सहकारिता मंत्रालय (B) आयुष मंत्रालय
(C) पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्रालय
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** आर्थिक समीक्षा के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में औसत ळैज संग्रह कितना करोड़ था ?

(A) 1.49 करोड़ (B) 1.24 करोड़
(C) 0.95 करोड़
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** आर्थिक समीक्षा के अनुसार 2015 से 2021 के दौरान ग्रामीण इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या में कितनी प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई ?

(A) 50% (B) 200%
(C) 150%
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** वित्त मंत्रालय के वर्तमान में मुख्य आर्थिक सलाहकार कौन है जिनके देखरेख में आर्थिक समीक्षा तैयार हुआ?

(A) वी. अनंत नागेश्वरन (B) संजीव सन्याल
(C) टी. सोमनाथन
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (A) | 02. (A) | 03. (C) | 04. (A) | 05. (C) |
| 06. (C) | 07. (C) | 08. (A) | 09. (C) | 10. (C) |
| 11. (B) | 12. (C) | 13. (A) | 14. (B) | 15. (A) |
| 16. (B) | 17. (A) | 18. (C) | 19. (A) | 20. (C) |
| 21. (C) | 22. (A) | 23. (A) | 24. (B) | 25. (A) |

# BPSC Mentorship
# Current Affairs - MCQ (27)

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा देश वर्ष 2023 के 'बायो एशिया' फोरम के आयोजन हेतु कंट्री पार्टनर है?
(a) यूनाइटेड किंगडम. (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) फ्रांस (d) जापान

**2.** प्रोजेक्ट एलोरा (Project ELLORA), जोकि 'दुर्लभ' भारतीय भाषाओं को संरक्षित करने हेतु संचालित है, पहल है-
(b) माइक्रोसॉफ्ट की (c) यूनेस्को की
(d) नीति आयोग की (a) संस्कृति मंत्रालय की ड

**3.** हाल ही में चर्चा में रहे 'सेना स्पेक्टाबिलिस' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. यह एक विदेशी आक्रामक जंतु है जो मन्नार की खाड़ी की जैविक विविधता को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है।
2. इसे IUCN रेड लिस्ट के तहत 'कम चिंतनीय' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**4.** फरवरी 2023 में किस देश के NSA जेक सुलिवन के साथ छै। अजीत डोभाल ने 'क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज' (ICET) पर पहल की उद्घाटन बैठक की सह- अध्यक्षता की थी?
(a) यूनाइटेड किंगडम (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) इजराइल (d) जापान

**5.** 'मैनुएला रोका बोटे' को किस देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है?
(a) चिली (b) सर्बिया
(c) इक्वेटोरियल गिनी (d) लिथुआनिया

**6.** निम्नलिखित में से किस राज्य ने वंचित वर्ग की लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए 'समग्र शिक्षा अभियान' मिशन शुरू किया है जो 'गारोहिनी' पहल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत काम करेगा?
(a) उत्तर प्रदेश (b) तमिलनाडु
(c) हरियाणा (d) तेलंगाना

**7.** 'द पॉवर्टी ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी: हाउ इकोनॉमिक्स एवंडन द पुजर' नामक पुस्तक के लेखक है-
(a) मीनाक्षी नेवटिया (b) नताशा पेरियानयागम
(ब) सलमान रुश्दी (क) मेघनाद देसाई

**8.** फरवरी 2023 में यूनेस्को की 'विश्व धरोहर समिति' ने किस देश के 'ओडेसा' शहर को अपनी विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल करने का निर्णय लिया है?
(a) आर्मेनिया (b) अजरबैजान
(c) यूक्रेन (d) मिस्र

**9.** 'केंद्रीय बजट 2023-24' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. इसमें वित्त मंत्री ने घोषणा की कि भारत सरकार 'कृषि त्वरक कोष' की स्थापना करेगी जो ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि स्टार्टअप की संख्या बढ़ाने के लिए स्थापित किया जाएगा।
2. 'कृषि' इस बजट की सात प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक थी। उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(ब) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**10.** सरकार ने 'केंद्रीय बजट 2023-24' में 'मिष्टी योजना' (MISHTI Scheme) की घोषणा की थी, यह योजना सम्बंधित है -
(a) 'आर्द्रभूमि' के विस्तार से
(b) 'मैंग्रोव' संरक्षण से
(ब) नागरिकों को 'मधुमेह' रोग से सजग करने से
(d) किसानो द्वारा सतत कृषि पद्धतियों को अपनाने से

**11.** पीएम प्राणम (PM PRANAM) योजना' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. इस योजना को 'रसायन और उर्वरक मंत्रालय' द्वारा वर्ष 2017 में प्रारम्भ किया गया था।
2. इस योजना का मुख्य उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करना है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(ब) 1 और 2 दोनों (क) न तो 1, न ही 2

**12.** 'अमृत धरोहर' योजना के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. इस योजना की घोषणा केन्द्रीय वित्त मंत्री ने 'केंद्रीय बजट 2023-24' के बजट भाषण के दौरान की थी।
2. इस योजना का उद्देश्य शहरों में आर्द्रभूमि के इष्टतम उपयोग को बढ़ाना और उनकी जैव विविधता में सुधार करना है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(ब) 1 और 2 दोनों (क) न तो 1, न ही 2

**13.** निम्नलिखित में से किसे फरवरी 2023 में 'इंडिया-यूके' अचीवर्स ऑनर्स द्वारा 'लाइफटाइम अचीवमेंट ऑनर' पुरस्कार देने की घोषणा की गई थी?
(a) नरेंद्र मोदी (b) डॉ. मनमोहन सिंह
(c) शशि थरूर (d) वेंकैया नायडू

**14.** 'विश्व आर्द्रभूमि दिवस' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. यह दिवस प्रतिवर्ष 2 फरवरी को मनाया जाता है।
2. वर्ष 2023 हेतु इस दिवस की थीम 'इट्स टाइम फॉर वेटलैंड्स रिस्टोरेशन' है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**15.** फरवरी 2023 में अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री 'निर्मला सीतारमण ने मिलेट्स यानी मोटे अनाज को ..........' नाम दिया है।
(a) श्री अन्न (b) अमृत अन्न
(c) अक्षत (d) यव

**16.** भारत सरकार की श्नमस्ते योजनाश के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. 'केंद्रीय बजटश 2023-24 में भारत सरकार ने इस योजना के लिए 5000 करोड़ रुपये आवंटित किए है।
2. इस योजना का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों को वैकल्पिक आजीविका प्रदान करना है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**17.** 36वें 'अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसका आयोजन हरियाणा राज्य में किया गया था।

2. इस बार मेले की थीम उत्तर-पूर्व भारत के आठ राज्यों पर आधारित थी । उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**18.** 'डिजिटल भुगतान सूचकांक (DPI) के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह प्रतिवर्ष 'नीति आयोग द्वारा जारी किया जाता है।

2. इसका निर्माण मार्च 2018 में आधार अवधि के रूप में किया गया है, अर्थात मार्च 2018 के लिये क्प्प् स्कोर 100 निर्धारित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**19.** सूची-I (जी-20 से समबद्ध कार्य समूहों की प्रथम बैठकें) को सूची-II (स्थान) से सुमेलित कीजिये:

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| a) | सतत वित्तीय कार्य समूह | I) | गुवाहाटी |
| b) | रोजगार कार्य समूह | II) | जोधपुर |
| c) | पर्यटन कार्यसमूह | III) | 'धोरदो' ग्राम |
| d) | कृषि कार्यकारी समूह | IV) | इंदौर |

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | III | II | IV | I |
| (C) | II | III | IV | I |
| (D) | IV | III | II | I |

**20.** निम्नलिखित में से किस देश को 2025 'मैड्रिड इंटरनेशनल बुक फेयर' का थीम देश चुना गया है?

(a) भारत (b) बांग्लादेश

(c) पाकिस्तान (d) नेपाल

**21.** फरवरी 2023 में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 'डिजिटल इंडिया मोबाइल वैन' (नई दिल्ली से) को लॉन्च किया गया था। इस यात्रा का अंतिम पड़ाव था -

(a) जयपुर (b) भोपाल

(c) चेन्नई (d) लखनऊ

**22.** भारत सरकार ने केन्द्रीय बजट में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु 'FAME योजना' के लिए 5,172 करोड़ रुपये आवंटित किए थे, इस योजना को किस वर्ष शुरू किया गया था?

(a) वर्ष 2015 में (b) वर्ष 2016 में

(c) वर्ष 2017 में (d) वर्ष 2018 में

**23.** फरवरी 2023 में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किस स्थान पर 'VSF' ग्लोबल वीजा एप्लीकेशन केंद्र का उद्घाटन किया था?

(a) प्रयागराज (b) वाराणसी

(c) आगरा (d) लखनऊ

**24.** 'विश्व कैंसर दिवस' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह दिवस प्रतिवर्ष '4 फरवरी' को मनाया जाता है।

2. वर्ष 2023 हेतु इस दिवस का विषय 'क्लोज द केयर गैप' है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**25.** फरवरी 2023 में 'याया त्सो झील' को किस राज्य / केन्द्रशासित प्रदेश का पहला 'जैवविविधता विरासत स्थल' घोषित किया गया था?

(a) जम्मू कश्मीर (b) लद्दाख

(c) सिक्किम (d) अरुणाचल प्रदेश

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (A) | 02. (B) | 03. (B) | 04. (B) | 05. (C) |
| 06. (A) | 07. (D) | 08. (C) | 09. (C) | 10. (B) |
| 11. (B) | 12. (C) | 13. (B) | 14. (C) | 15. (A) |
| 16. (B) | 17. (C) | 18. (B) | 19. (A) | 20. (A) |
| 21. (D) | 22. (A) | 23. (D) | 24. (C) | 25. (B) |

KHAN GLOBAL STUDIES Kisan Cold Storage Campus, Musallahpur, Patna-6 KHAN SIR

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC - Mentorship
## Current Affairs Capsule-27

## 1 फरवरी

**बायोएशिया 2023 ( BioAsi 2023 )**

- यूनाइटेड किंगडम, बायोएशिया 2023 (BioAsia 2023) के लिए कंट्री पार्टनर होगा।
- तेलंगाना की राज्य सरकार, केंद्र सरकार और कई अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ 'जीनोम वैली' में 'बायो एशिया फोरम' ACT आयोजन करती है।
- भारत की साइबरसिटी 'हैदराबाद' की जीनोम वैली, जो भारत का पहला 'विश्व स्तरीय बायोटेक क्लस्टर' है, स्थापित किया गया था।
- 2023 में यह फोरम MSME क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करेगा। 2023 बायो एशिया फोरम की थीम 'Shaping the Next Generation Advancing for ONE' है।
  ONE में 'O' का मतलब व्दम भ्मंसजी, 'N' का मतलब छम०ज Generation Health, 'E' का अर्थ Equity है।

**प्रोजेक्ट एलोरा (Project ELLORA)**

- माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च प्रोजेक्ट एलोरा (Project ELLORA) के अंतर्गत 'दुर्लभ' भारतीय भाषाओं को संरक्षित करने में मदद कर रहा है।
- इस परियोजना के तहत माइक्रोसॉफ्ट के शोधकर्त्ता उन भारतीय भाषाओं के लिये डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं, जिनकी ऑनलाइन उपस्थिति अपर्याप्त है।
- माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च ने तीन भाषाओं-गोंडी, मुंडारी और इदु मिश्मी पर ध्यान केंद्रित किया है।
- गोंडी भाषा एक दक्षिण-मध्य द्रविड़ भाषा है। उर्दू के अलावा गोंडी लिपि शायद देश की एकमात्र ऐसी लिपि है जो दाएँ से बाएँ लिखी जाती है।
- मुंडारी (Mundari) भाषा मुंडा द्वारा बोली जाने वाली ऑस्ट्रोएशियाटिक भाषा परिवार की है, पूर्वी भारतीय राज्यों झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की एक जनजाति है।
- इदु मिश्मी भाषा अरुणाचल प्रदेश के दिबांग घाटी जिले में मिश्मी लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा है, इसे लुप्तप्राय भाषा माना जाता है।

**भारतीय तटरक्षक बल**

- भारतीय तटरक्षक बल ने 01 फरवरी को अपना स्थापना दिवस मनाया।
- 'नागचौधरी समिति' की सिफारिश पर 18 अगस्त 1978 को भारतीय तटरक्षक बल की स्थापना की गई थी। यह रक्षा मंत्रालय के तहत कार्यरत एक सशस्त्र बल, खोज और बचाव एवं समुद्री कानून प्रवर्तन एजेंसी है। इसका मुख्यालय 'नई दिल्ली' में है।

## 2 फरवरी

**कृषि त्वरक कोष (Agriculture Accelerator Fund)**

- केंद्रीय बजट 2023-24 में, वित्त मंत्री ने कृषि के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए। कृषि बजट की सात प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक थी।
- संसद में बजट प्रस्तुति के दौरान, वित्त मंत्री ने घोषणा की कि भारत सरकार कृषि त्वरक कोष की स्थापना करेगी। यह कोष ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि स्टार्टअप की संख्या बढ़ाने के लिए स्थापित किया जाएगा।

**आत्मनिर्भर हॉर्टिकल्चर क्लीन प्लांट प्रोग्राम**

- बागवानी फसलों के मूल्य में वृद्धि और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार ने "आत्मनिर्भर हॉर्टिकल्चर क्लीन प्लांट प्रोग्राम" शुरू किया है।
- इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रोग मुक्त पौध सामग्री की उपलब्धता में वृद्धि करना है। भारत सरकार ने इस योजना के लिए 2,200 करोड़ रुपये आवंटित किए।
- भारत सरकार इस कार्यक्रम में केवल स्वच्छ बागवानी पौधों का उपयोग करेगी।
- एक स्वच्छ पौधे (clean plant) का मतलब है कि पौधों को वायरस, बैक्टीरिया या कवक के लिए जाँचा जाता है। और इन सूक्ष्मजीवों से संक्रमित पौधों को नहीं लगाया जाता है। आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण पौधों को स्वच्छ पौधों की श्रेणी में रखा जाता है।

**'अमृत धरोहर' योजना**

- शहरों में आर्द्रभूमि के इष्टतम उपयोग को बढ़ाने और उनकी जैव विविधता में सुधार के लिए भारत सरकार ने अमृत धरोहर योजना शुरू की है।
- इस योजना की घोषणा वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण के दौरान की। इस योजना को अगले तीन साल में जाएगा। लागू किया
- भारत ने पिछले तीन दशकों में अपनी आर्द्रभूमि (wetlands) का 30% खो दिया है।

**महिला सम्मान बचत पत्र योजना**

- इस योजना की घोषणा वित्त मंत्री ने संसद में बजट पेश करने के दौरान की।
- इस योजना के तहत, भारत सरकार एक बचत प्रमाणपत्र प्रदान करेगी। यह प्रमाण पत्र 2025 तक जारी किए जायेंगे।
- यह योजना महिलाओं और लड़कियों के लिए है। वे इस सर्टिफिकेट का इस्तेमाल कर दो लाख रुपए की डिपॉजिट सिक्योरिटी हासिल कर सकते हैं।
- इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7.5% का ब्याज मिलेगा।

## 3 फरवरी

### 36वाँ अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने फरीदाबाद में 36वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले का उद्घाटन किया।
- इस बार मेले की थीम उत्तर-पूर्व भारत के आठ राज्यों पर आधारित है।
- 19 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम के खास सामान देखने को मिलेंगे।
- मेले में ग्यारह सौ से अधिक स्टॉल लगाये गये हैं। जिसमें पाकिस्तान, चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान जैसे देशों के स्टॉल भी शामिल हैं।
- मेले में आम दिनों में प्रवेश शुल्क 120 रुपये रखा गया है, वहीं शनिवार, रविवार और छुट्टी वाले दिन लोगों को प्रवेश के लिए 180 रूपये चुकाने होंगे।

### भारतीय मूल के अमरीकी सांसद

- भारतीय 'मूल के चार अमरीकी सांसदों-राजा कृष्णमूर्ति, प्रमिला जयपाल, एमी बेरा और रो खन्ना को अमरीकी संसद की प्रमुख समितियों का सदस्य नियुक्त किया गया है।
- अमरीकी कांग्रेस के सदस्य कृष्णमूर्ति को अमेरिका और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा पर सदन की प्रवर समिति में रैंकिंग सदस्य नियुक्त किया गया है।
- भारतीय मूल के एक और अमरीकी सांसद रो खन्ना को भी एक नई समिति का सदस्य बनाया गया है।
- भारतीय-अमरीकी सांसद प्रमिला जयपाल को आव्रजन अखंडता, सुरक्षा और प्रवर्तन से संबंधित उपसमिति का रैंकिंग सदस्य नामित किया गया है।
- भारतीय के अमरीकी सांसद अमी बेरा को 118वीं कांग्रेस के लिए खुफिया मामलों पर अमरीकी सदन की स्थायी प्रवर मूल समितिका सदस्य नियुक्त किया गया है।

### भूजल उपयोग पर पंजाब की नीति

- जून 2022 में, केंद्रीय भूजल बोर्ड ने बताया कि पंजाब का भूजल ( पहले 100 मीटर पहुंच में) 2029 तक समाप्त हो जाएगा। 2039 में, भूजल (300 मीटर पहुंच में) समाप्त हो जाएगा। इसके बाद पंजाब वाटर रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ने निर्देश अधिसूचित किए। उन्हें भूजल निकासी और संरक्षण दिशा-निर्देश, 2023 कहा गया।
- इन निर्देशों के अनुसार, पंजाब सरकार भूजल निकालने वाले लोगों और फर्मों पर शुल्क लगाएगी। शुल्क घरेलू उद्देश्यों, कृषि, सैन्य और अन्य सरकारी निकायों के लिए भूजल का उपयोग करने वाले लोगों पर लागू नहीं होते हैं।
- भूजल में पुनः भरने की क्षमता होती है। निष्कर्षण और पुनः भरने के समय के आधार पर पंजाब को तीन क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। ये हैं ग्रीन जोन, येलो जोन और ऑरेंज जोन।
  - ग्रीन जोन - यहां शुल्क 4 रुपये से 14 रुपये के बीच है।
  - येलो जोन - यहां शुल्क 6 रुपये से 18 रुपये के बीच है।
  - ऑरेंज जोन - शुल्क 8 रुपये से 22 रुपये के बीच है।

## 4 फरवरी

### मैड्रिड अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला

- यह पुस्तक मेला 1993 से स्पेन में आयोजित किया जा रहा है।
- 2025 'मैड्रिड इंटरनेशनल बुक फेयरश का थीम देश शभारतश होगा।
- जनवरी 2023 में कोलकाता में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले का थीम देश स्पेन था ।

### तीसरे 'खेलो इंडिया शीतकालीन खेल'

- युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ जम्मू के राजभवन में तीसरे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के शुभंकर, गीत और जर्सी का लोकार्पण किया।
- इसका आयोजन खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय, जम्मू कश्मीर खेल परिषद और जम्मू शीतकालीन खेल एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है।
- खेलो इंडिया शीतकालीन खेल पहली बार 2020 में जम्मू-कश्मीर में आयोजित किया गया था। मेजबान जम्मू-कश्मीर ने इस खेल के दोनों आयोजनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

### वन लाइनर करेंट

- उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में दस देशों के लिए वीजा सुविधा प्रदान करने वाले 'VSF ग्लोबल वीजा 'एप्लीकेशन केंद्र' का उद्घाटन किया।
- भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात ने आपसी हितों के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक औपचारिक 'त्रिस्तरीय सहयोग प्रणाली' स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है।
- केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने झारखंड के देवघर जिले में 450 करोड़ रुपये के 'इफको नैनो यूरिया तरल उर्वरक संयंत्र' की आधारशिला रखी। यह इफको की पांचवीं उर्वरक इकाई है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मशहूर गायिका 'वाणी जयराम' के निध न पर दुख व्यक्त किया है। वह इसी साल पद्म भूषण से सम्मानित की गयी थी।
- रॉयल कंबोडियन सशस्त्र बल के डिप्टी कमांडर-इन-चीफ और रॉयल कंबोडियन सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल 'हुन मानेट' दिनांक 02 से 04 फरवरी 2023 तक एक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत का दौरा कर रहे हैं।
- इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 56 (2) (vii b) को एंजेल टैक्स (Angel Tax) कहा जाता है। ये टैक्स स्टार्टअप्स पर लगाए जाते हैं। केंद्रीय बजट 2023 के दौरान, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने एंजेल टैक्स में संशोधन का प्रस्ताव रखा। अब, स्टार्टअप्स द्वारा प्राप्त की जाने वाली इक्विटी राशि आयकर के अधीन होगी, न कि एंजल टैक्स के अधीन ।
- हैदराबाद स्थित 'आजाद इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड' को परमाणु टर्बाइनों के लिए महत्वपूर्ण घूर्णन भागों की आपूर्ति करने वाली पहली भारतीय कंपनी के रूप में अनुमोदित किया गया है।
- उपभोक्ता वस्तुओं की दिग्गज कंपनी यूनिलीवर (लंदन स्थित) ने हेन शूमाकर को 1 जुलाई से एलन जोप की जगह अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया।